2021 साल का अंक ज्योतिष

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि **2020** राहु का **number** था और उस साल सभी लोगों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ा पूरे विश्व को एक महामारी के कारण बहुत सारे कष्ट सहने पड़े।ऐसे में **2021** आप सभी के लिए क्या लेकर आया है नयें साल में नई खुशियाँ नई उमंग नए काम के साथ आने के लिए तैयार है।आइए जानते हैं ये नया साल **2021** अंक ज्योतिष के आधार पर कैसा रहेगा|
अंकज्योतिष के **aadhaar par 2021** का अंक **5** होता है **5** अंक बुध का स्वामी है किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए यह साल बहुत ही शुभ रहेगा।ये साल सभी अंक वालों के लिए सफलताएं लेकर आ रहा है जानते हैं किस अंक वाले को क्या सफलता मिलेगी और क्या उपाय करके इस साल को हम अच्छा बना सकते हैं।

Number 1

Anushka Sharma

Date of Birth
1 May 1988

जिनका जन्म 1,10,19,28 तारीख़ को हुआ है उनका अंक होता है और उनका स्वामी सूर्य है, सूर्य आपको नेतृत्व करने की क्षमता देता है ईमानदार बनाता है दृढ़ निश्चय वाला होता है। इस साल आप में confidence बढ़ा हुआ रहेगा energy बहुत रहेगी और इस साल number 1 अपना टार्गेट और अपना गोल लेकर कार्य करे अगर आप education industry से हैं तो यह साल बहुत ही अच्छी ऊँचाई पर लेकर जाएगा March ke बाद shubh samay है। नौकरी वालों के लिए भी यह साल शुभ है आपको promotion भी मिल सकता है आपने 2020 में (workforhome)किया है उसका फ़ायदा भी आपको मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए यह साल कड़ी मेहनत करने वाला है, व्यापारी पक्ष के लिए यह साल काफ़ी कार्य करने वाला है आपको लम्बा निवेश करना चाहिए इस साल के मध्य से ही व्यापारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है आपके लिए यह साल सूझ-बूझ से कार्य करने का है ।
महिलाओं के लिए यह साल बहुत ही शुभ रहेगा वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा जिनकी शादी की समस्या है उनकी भी shaadi ke पूरे पूरे योग बनते हैं इस साल आप सभी को सुखद समाचारों की अनुभूति होगी।

Number 2

Shah Rukh Khan

Date of birth
2 November 1965

जिनका जन्म 2,11,20,29 तारीख़ को हुआ है उनका अंक 2 होता है उनका स्वामी चंद्रमाँ होता है चंद्र ग्रह में बहुत ही सुंदर होता है दो number वालों को प्रेम और सौंदर्य पसंद होता है 2 नम्बर वाले मिलनसार होते हैं और शर्मीले स्वभाव के होते हैं। Number 2 वालों ke लिए यह साल अच्छा साबित होगा यह साल विद्यार्थी पक्ष के लिए सफलता देता हुआ दिखाई दे रहा है आपको परिश्रम पहले से ज़्यादा करना पड़ेगा विद्यार्थियों को विदेश की पढ़ाई भी शुभ रहेगी, जो व्यापारी भूमि व्यवसाय का कार्य कर रहे हैं उनके लिए साल बहुत ही शुभ है।इस साल 2 number वालों के लिए अनुभव काम आएगा पुराने नौकरी के मामलों का निराकरण होगा। स्वयं को गुणवत्ता स्वभाव से आगे ला पाएँगे।महिलाओं ke लिए भी यह काफ़ी उत्तम समय हैं इस वर्ष कुल मिलाकर प्रगति स्थायित्व प्रसन्नता मिलेगी बस आपको आलस त्यागना है तुरंत निर्णय ना लें , दोतीन बार विचार करे। परिश्रम और अनुकूल सोच से आगे बढ़ें बार बार सोच में बदलाव नहीं करें । दूसरों के आश्वासन पर भरोसा नहीं करे, चाहे वो सामाजिक और आर्थिक हो या कार्य से सम्बंधित हूँ अपने ही परिश्रम अपनी ही सोच अपनी ही सफलता पर ध्यान दें ।इस साल आपको अपने कार्य की वजह से ही तारीफ़ , उन्नति और पुरस्कार मिलेंगे।
इस साल आपको आध्यात्मिक मार्गदर्शन का अनुसरण करना चाहिए अन्न दान करना चाहिए और मंत्रो का जाप करे।

Number 3

Shreya Ghoshal

Date of birth
12 March 1984

जिनका जन्म 3,12,21,30 तारीख़ को हुआ है उनका अंक 3 होता है तीन अंक का स्वामी बृहस्पति होता है ।
तीन अंक वालों में विवेकशीलता होती है और नेतृत्व करने की क्षमता होती है तीन अंक वालो का स्वभाव होता है कि कोई भी कार्य आरंभ करने से पूर्व अपने विवेक का पूरा पूरा इस्तेमाल करते हैं brihaspati को jyotish ke अनुसार ग्रहों का guru माना जाता है दूसरों को रास्ता दिखाना 3 number वालों की मूल प्रकृति होती है।
इस साल तीन number वालों को थोड़ी सावधानी रखनी होगी, सतर्कता रखनी होगी कुल मिलाकर यह साल आपके लिए सामान्य रहेगा। अंतिम कार्य सफलता तक अवरोध बने रहेंगे काफ़ी अनिश्चितता रहेगी जो लोग जॉब कर रहे हैं उनके उनकी मेहनत के अनुसार ही सफलता मिलेगी परिश्रम से ही संतोष करे ज़्यादा जवाबदारी ना बड़ाए।
इस साल कोई भी कार्य करने में देरी हो तो विलंब की चिंता न करे, मानसिक चिंता को हटायें ,मानसिक उत्साह बनाए रखें ।अप्रैल से समय शुभ रहा आ रहा है । व्यापारियों के लिए अच्छा समय है ।pratishtha प्रभाव सहयोग बढ़ेगा पिछले समय से चल रहे संघर्ष से बाहर निकलेंगे ।
विद्यार्थियों के लिए यह साल मिलाजुला रहेगा हैं अव्यावहारिकता से परेशानी होगी ।आवेश क्रोध ना दर्शाएँ , परिश्रम से ही कार्य होगा । साल का अंत विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहेगा स्वयं को स्थापित कर पाएंगे। महिलाओं के लिए यह साल स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है, खान-पान पर ध्यान दें स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा । थोड़ा बहार वालों से तनाव रहेगा । नौकरी मै रुके कार्य में प्रगति होगी । अगस्त में कुछ लाभ मिल सकता है।आपको पक्षियों को दाना डालना है और अपने इष्ट देवता की पूजा करे ।

Number 4

Sunny Leone

Date of Birth
13 May 1981

जिनका जन्म 4,13,22 तारीख़ को हुआ है उनका अंक होता है यह अंक राहु ग्रह का अंक हैं ।
4 अंक वाले कोई भी कार्य करते हैं तो बड़ी ही लगन से करते हैं । इनका व्यक्तित्व विरोधी व्यक्तित्व और सहिष्णुता दर्शाता है। 4 number वालों की सोच अलग होती है।यह थोड़ा स्पष्ट बोलते हैं स्पष्ट बोलने कारण थोड़े ग़लत साबित होते हैं यह साल 4 number वालों के लिए मिलाजुला साल है।
नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए यह साल अच्छा रहेगा विचारों में प्रगति होगी , काम में उत्साह रहेगा । मार्गदर्शन सहयोग अनुभव का सहारा रहेगा आत्मविश्वास रहेगा।
महिलाओं के लिए साल अच्छा है जिनके विवाह की बात चल रही है इस साल विवाह कार्य सम्भव है।
वाद-विवाद से बचें वातावरण के अनुरूप तैयार रहना होगा व्यक्तिगत संबंधों पर ध्यान दें।
व्यापारिक दृष्टिकोण से यह साल थोड़ा नुक़सान देने वाला है लम्बे समय के लिए निवेश करे , सट्टाबाज़ार से दूर रहे, ख़र्च लेन-देन के मामलो पर ध्यान दे परिवार में वाद-विवाद से बचें। नौकर या स्टाफ़ रखने से पहले सोचें।
विद्यार्थियों के लिए यह साल अच्छा है engineering ,civil services की तैयारी करे सफलता ज़रूर मिलेगी ।
स्वास्थ्य की दृष्टि से यह साल अच्छा नहीं है पेट संबंधित परेशानियाँ रहेंगी।
आपको इस साल सूर्य को जल चढ़ाना है मेडिटेशन करना है और अपने इष्टदेव का जाप करना है।

Number 5

Virat Kholi

Date of birth
5 November 1988

जिनका जन्म 5,14,23 तारीख़ को हुआ है उनका अंक 5 होता है यह अंक बुधग्रह का अंग है इनकी विशेषता ये है ये लोग व्यवहार कुशल होते हैं और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं हंसमुख स्वभाव के होते हैं इनकी सफलता का सबसे बड़ा कारण ये है कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की ठान लेने पर उसे प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।
अंक ज्योतिष के अनुसार 2021 = 5 नम्बर है ।5 नम्बर वालों के लिए साल ख़ास है उनके लिए प्रगति का साल है।
विद्यार्थियों के लिए यह साल बहुत सारी उपलब्धियां लेकर आएगा कोई भी competition की तैयारी कर सकते हैं इस साल के मध्य में सफलता मिलेगी पर आपके गुणों के कारण ही आपको आपके सहयोगी सहयोग देंगे ।
थोड़ा थोड़ा वैचारिक तनाव उतार चढ़ाव मानसिक असंतोष बढ़ेगा ।
आर्थिक दृष्टि से यह साल व्यापारियों के लिए अच्छा है कुछ नया काम या व्यापार में बढ़ावा मिलेगा।
क़ानूनी रुकावटों से राहत मिलेगी पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
नौकरीपेशा लोगों के लिए परिश्रम जितना करेंगे उतना ही लाभ मिलेगा और भाग्य भी इस बार साथ देगा ,अपने अधीनस्थों से काफ़ी सतर्कता रखनी होगी।
महिलाओं के लिए ये धीमी प्रगति करेगा स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
पक्षियों को मूँग खिलाएं ।
गणेश जी की पूजा करे।

Number 6

Ranveer Singh

Date of birth
6 July 1985

जिनका जन्म 6,15,24 तारीख़ को हुआ है उनका अंक 6 होता है 6अंक का स्वामी शुक्र ग्रह होता है
6 अंक वालो का व्यक्तित्व बहुत ही आकर्षित होता है, ये लोग कला और सौंदर्य प्रेमी होते हैं।
विश्लेषण करे तो यह गीली मिट्टी की तरह होते हैं जैसा डालो वैसे हो जाते हैं इनको बचपन से लक्ष्य निर्धारित कर देना चाहिए तो ये उसी के अनुसार चलते हैं।
साल विद्यार्थी वर्ग के लिए अच्छा साबित होगा आत्मविश्वास रहेगा बस आपको कोई भी बड़ा निर्णय लेना हो तो किसी भी स्थिति में सहनशीलता रखनी है अवसर भी मिलेंगे बड़ों का सहयोग भी मिलेगा
हर अवसर को challenge की तरह लें तो ही अच्छा साबित होगा आप कोई भी कार्य को कल पर नहीं छोड़े आलस्य त्यागे।
यह साल व्यापारियों के लिए अच्छा साबित होगा अपना रुका हुआ पैसा आने की उम्मीद है क़ानूनी विवादों से अटका धन मिलेगा। जो खाने और दवाइयों का कार्य कर रहे हैं उनके लिए साल अच्छा है।
नौकरी वर्ग के लोगों के लिए यह साल अच्छी उम्मीद लेकर आएगा आमदनी बढ़ेगी उत्साह आत्मविश्वास बना रहेगा , जगह परिवर्तन हो सकती है ग़ुस्से पर क़ाबू रखें ,सुस्ती हटाएँ । अति आत्मविश्वास न रखें स्वयं के परिश्रम मेहनत का लाभ मिलेगा, नौकरी में अधिक सहयोग मिलेगा।
महिलाओं के लिए साल बहुत ही अच्छा रहेगा । पारिवारिक निर्णय आपके पक्ष में रहेंगे । योजनाओं पर चर्चा विस्तार दोनों होगा।
शुक्रवार को सफ़ेद चीज़ों का दान करे इससे अंधे व्यक्ति को खाना खिलाने।स्फटिक की माला से मंत्रों का जाप करे।

Number 7

Arvind Kejriwal

Date of birth
16 August 1968

जिनका जन्म 7,16,25 तारीख़ को हुआ है उनका अंक 7 होता है सात अंक वालों में दार्शनिकता और कल्पना का संगम होता है सात अंक का ग्रह नपतून माना गया है अंक ज्योतिष के अनुसार वरुण ग्रह की गणना की जाती है 7 अंक वाले लोग काफ़ी सोच विचार करते हैं अपने ये सोच के कारण बहुत बार गंभीर संकट में आ जाते हैं इनके असफल होने का यह प्रमुख कारण है भावुकता सबसे बड़ी आपकी कमज़ोरी हैं।
विध्यार्थी वर्ग के लिए यह साल थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा जो भी फ़ैसला ले वो जल्दी से ले मेहनत बढ़ेगी विषयों का चयन सोच समझकर करे स्थायित्व विषय में गंभीरता दें आपकी सोच ही सफलता का कारण बनेगी ,प्रतियोगी परीक्षा मै भाग ले ।
व्यापारी वर्ग के लिए यह साल निवेश का है अगर आप ज़मीन में निवेश करते हैं तो लाभ के लिए आपको थोड़ा इंतज़ार करना होगा इस साल किए हुए निवेश का फ़ायदा आपको अगले वर्षों में मिलेगा । आर्थिक मामलों में भी मदद मिलेगी , कार्य क्षमता बढ़ेगी पुराने रुके कार्य किसी की मदद से पूरे होंगे । व्यापारियों का ख़र्चा बढ़ेगा खर्च लेन-देन का कार्य ध्यान से करे , अपनी कार्ययोजनाओं को गुप्त रखना होगा।
नौकरीपेशा वर्ग के लिए यह साल गहरा अनुभव प्रदान करेगा बस कोई भी कार्य आपको कल पर नहीं डालना है आय भी बढ़ेगी प्रगति भी होगा विदेशों में भी तरक़्क़ी होगी सहयोग मार्गदर्शन मिलता रहेगा ।
महिलाओं के लिए यह साल मिलाजुला रहेगा ।विवाह में थोड़ी देरी हो सकती है अगर कोई लम्बे समय से परीक्षा दे रहे हैं तो उस पर ध्यान देना ज़रूरी है कुल मिलाकर यह साल 7 number वालों के लिए सामान्य रहेगा।
सूर्या को नमस्कार और अन्न दान आप के लिए अच्छा रहेगा।

Number 8

Narendra Modi

Date of Birth
17 September 1950

जिनका जन्म 8,17,26 तारीख़ को हुआ है उनका अंक आठ होता है 8 अंक वाले परिश्रमी निरंतरता और रहस्यमयी होते हैं इन्हें धीरे-धीरे और कठिनाइयों का सामना करने के बाद सफलता मिलती है 8 number वाले किसी भी कार्य को अधूरा नहीं छोड़ते इनके स्वभाव को समझने में थोड़ी कठिनाई होती है ये धार्मिक होते हैं।
अंक आठ वालों को इस साल बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। बिना वजह की चिंता हो सकती है अति आत्मविश्वास से बचना है बड़ों से वादविवाद हो सकता है आपको इस साल सीधे सीधे ही चलना पड़ेगा विपरीत दिशा नहीं चुने अनावश्यक ख़र्चा होगा विद्यार्थियों के लिए यह साल अच्छा है , उच्च शिक्षा अथवा शोध से जुड़े विद्यार्थियों के लिए यह साल शुभ परिणाम देगा।
व्यापारी वर्ग को इस साल कठिनाइयों का सामना करने के बाद ही सफलता मिलेगी निवेश करना ठीक ठाक रहेगा अगर व्यापार में साझेदारी है तो धोखा मिल सकता है भावुकता में आकर व्यर्थ के खर्चो से बचें दूसरों की मदद करना अच्छी बात है परंतु अपने परिवार का भी सोचना अनिवार्य है।
नौकरीपेशा लोगों के लिए यह समय थोड़ा ज़्यादा मेहनत और ज़्यादा समय देने का होगा आपको हर परिस्थिति में नौकरी में रहना होगा साल के अंत में नए अवसर आप से जुड़ेंगे , ऋण लेना पड़ सकता है ।
महिलाओं के लिए यह साल ठीक ठाक है साथी के साथ मतभेद से बचे ।
योग व ध्यान आपके लिए आवश्यक है ।काली वस्तु का दान करे।
गरीबो को कपड़े दान करे।

Number 9

Akshay Kumar



Date of Birth
9 September 1967

जिनका जन्म 9,18,27 तारीख़ को हुआ है उनका अंक 9 होता 9 अंक का स्वामी मंगल होता है,9 अंक वाले बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न होते हैं,समाज के आगे अपने परिवार को कम समय और महत्व देते है वर्तमान में जीते हैं और उदार हृदय के होते हैं कार्य में साहसी होते हैं,
तो आईए जानते हैं यह साल आपके लिए क्या लेकर आ रहा है,
यह साल विधा्थियो के लिए गिफ़्ट लेकर आयेगा
इस साल आय में वृद्धि होगी विदेश में पढ़ाई के नये योग है,
व्यापारियों के लिए यह साल बहुत ही अच्छा होगा क्योंकि यह साल में आय में वृद्धि होगी व नये मार्ग खुलेंगे,भूमि आदि में निवेश के साथ मुनाफ़ा भी होगा साल के अंत में ख़र्चों पर लगाम रखने की ज़रूरत है।
नौकरी वर्ग के लोगों के लिए यह साल नई चुनौतियां लेकर आ रहा है रचनात्मक ज्ञान की और ध्यान केंद्रित करना होगा। अत्यधिक काम भी आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है काम में अत्यधिक सम्मलित होने के कारण प्रेम संबंधों में तथा पारिवारिक रिश्तों में कमी आ सकती है ख़र्चा ज़्यादा होगा।
यह साल महिलाओं के लिए अच्छा साबित होगा अविवाहितों के विवाह के योग हैं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है यह वह number 9 वालों के लिए नित नए लुभावने प्रयोजन लेकर आएगा।
बंदरों को चने और केले खिलाए,हनुमान चालीसा पड़ें , केसर का तिलक लगाएं।